शुक्रवार
20 अक्टूबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



जब तक जिंदा हैं तब तक बीजेपी से दोस्ती बरकरार रहेगी: नीतीश

2



## शारदीय नवरात्र
### छठा स्वरूप: मां कात्यायनी



नवरात्रि के छठे दिन मां दुर्गा के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा करने का विधान है। देवी भागवत पुराण में कहा गया है कि मां कात्यायनी की पूजा करने से भक्त को अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां का ये रूप तेजमय और चमकीला है। जिनकी चार भुजाएं हैं। मां कात्यायनी के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है। इसके साथ ही दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में और नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। स्नान आदि करने के बाद साफ-सुथरे वस्त्र धारण कर लें। इसके बाद पूजा के स्थान को गंगाजल डालकर शुद्ध कर लें। फिर पूजा आरंभ करें। सबसे पहले कलश की विधिवत पूजा करें। इसके बाद मां दुर्गा के साथ मां स्कंदमाता की पूजा करें। गुलाब या फिर कोई लाल रंग का फूल चढ़ाने के साथ माला, सिंदूर, कुमकुम, रोला, अक्षत लगाने के साथ मां का श्रृंगार भी कर लें। इसके बाद मां को भोग में शहद, फल, मिठाई का भोग लगाएं। इसके साथ ही एक पान में 2 लौंग, एक इलायची, बाताशा, एक सिक्का रखकर चढ़ा दें। इसके बाद घी का दीपक और धूप जला लें। फिर मां कात्यायनी के मंत्र, ध्यान मंत्र, स्तुति, स्त्रोत, दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती का पाठ करने के बाद आरती कर लें मां कात्यायनी की पूजा के समय शहद का भोग लगाएं। इससे मां अति प्रसन्न होती हैं और सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती हैं। मां कात्यायनी को लाल रंग अति प्रिय है। इसलिए इस रंग के वस्त्र अर्पित करने के साथ लाल रंग के गुलाब अर्पित करें।

**बीज मंत्र:** क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः।

**आराधना मंत्र:** या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
चंद्र हासोज्जवलकरा शार्दूलवर वाहनो
कात्यायनी शुभंदद्या देवी दानवघातिनि।

# अगले वर्ष से कन्या सुमंगला के तहत देंगे 25 हजार रुपए: सीएम योगी

- सीएम योगी ने हाथरस में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को किया संबोधित
- 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

**केटी न्यूज/हाथरस**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं डबल इंजन की सरकार के एजेंडे में हैं। पिछले साढ़ें नौ साल के अंदर हमने नए भारत का दर्शन किया है। जिसमें किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है। सीएम योगी ने गुरुवार को सेठ फूल चंद बांग्ला पीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि बेटा और बेटी में कोई भेदभाव न हो इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली धन राशि को हमारी सरकार ने बढ़ा दिया है। इसके तहत मिलने वाली 15 हजार की राशि को बढ़ाकर हमने 25 हजार कर दिया है।

### सरकार का उद्देश्य, हाथरस की बेटियां भी आगे बढ़ें

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की सोच विकास की है। इसी के अंतर्गत सरकार सड़क, पेयजल, स्टेडियम सहित अपने तमाम कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जैसे एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियों ने कमाल किया। वैसे ही हाथरस जनपद में भी बेटियां आगे बढ़ें। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यह तय किया है कि एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल लेकर आने वाली बेटियों को हम डिप्टी एसपी बनाएंगे।

### मैंने साढ़े नौ वर्षों में देश को बदलते हुए देखा है

सीएम ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में देश को बदलते हुए देखा है। वहीं साढ़े छह वर्ष में प्रदेश में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। आज के भारत में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। अब सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। जिन्हें विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है उनके लिए नई-नई योजनाएं बन रही हैं।

कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, हाथरस सांसद, राजवीर सिंह, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय सहित भारी संख्या में जनपद और उसके आस-पास की महिलाएं उपस्थित थीं।

## हमारी सरकार बनी तो पूरे देश में कराएंगे जातिगत सर्वे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो हम पूरे देश में जातिगत जनगणना कराएंगे। ऐसा ही हम तेलंगाना में सरकार बनने पर करेंगे। मोदी सरकार और केसीआर पर हमला करते हुए राहुल ने पूछा कि वे जाति जनगणना कब कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक को जाति जनगणना कराने के लिए कहा गया है। अब तेलंगाना के सपनों को पूरा करने के लिए जाति जनगणना करानी होगी। मैं आपसे वादा करता हूं कि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में जाति जनगणना कराएगी। उन्होंने पूछा, 'मेरा सवाल यह है कि क्या देश में ओबीसी की आबादी सिर्फ पांच प्रतिशत है?'

### देशभर के अलग-अलग राज्यों में चला अभियान
# साइबर क्राइम: 76 जगहों पर सीबीआई का छापा

- तलाशी में 32 मोबाइल फोन 48 लैपटॉप, दो सर्वर की तस्वीरें, 33 सिम कार्ड और पेन ड्राइव जब्त
- साइबर क्राइम में संलिप्त अपराधियों हुई धरपकड़, दर्ज किए गए 5 मामले

**एजेंसी/नई दिल्ली**



साइबर क्राइम पर नकेल कसने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने गुरुवार को देशव्यापी अभियान ऑपरेशन चक्र 2 चलाया। देशभर के अलग-अलग राज्यों खासकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, बिहार, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और वेस्ट बंगाल समेत 76 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान साइबर क्राइम में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ की गई। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 5 मामले भी दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट की शिकायत पर सीबीआई ने की है। सीबीआई के मुताबिक तलाशी के दौरान 32 मोबाइल फोन, 48 लैपटॉप, दो सर्वर की तस्वीरें, 33 सिम कार्ड और पेन ड्राइव जब्त किए हैं। इस दौरान सीबीआई ने कई बैंक खातों को भी फ्रीज किया है।

**15 ईमेल खातों को डंप डिटेल भी जब्त की:** सीबीआई ने 15 ईमेल खातों की डिटेल को भी जब्त किया है। इसमें आरोपियों की उस साजिश का भी पता चला है जिससे वो लोगों को ठगने का काम करते हैं।

### 5 राज्यों में आरोपी चला रहे थे 9 कॉल सेंटर

ऑपरेशन चक्र दो के तहत लक्षित मामलों में, इंटरनेशनल टेक स्पोर्ट फ्रॉड स्कैम के दो मामले भी सामने आए हैं। आरोपी 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 9 कॉल सेंटरों का संचालन कर रहे थे और टेक्नीकल सपोर्ट प्रतिनिधियों के रूप में खुद को पेश करके आर्गेनाइज्ड तरीके से विदेशी नागरिकों को शिकार बनाते थे। इसके अलावा एफआईयू इंडिया की ओर से अहम जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन चक्र-क्कने क्रिप्टो-करंसी धोखाधड़ी ऑपरेशन का भंड़ाफोड़ किया है। इस फर्जी क्रिप्टो माइनिंग ऑपरेशन में भोले भाले भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया जाता है जिसके चलते करीब 100 करोड़ रुपए को बेहद ही चौंकाने वाला नुकसान लोगों को हुआ। इस तरह की धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सीबीआई सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।

### अंतरराष्ट्रीय साइबर क्रिमनल्स पर नकेल

ऑपरेशन चक्र- दो के दौरान एकत्र किए गए सबूतों के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन अपराधियों को खत्म करने की व्यापक कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर इंटरनेशनल एजेंसियों के साथ सभी जानकारियों को साझा किया जा रहा है। सीबीआई अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग की भावना के साथ मिलकर काम कर रही है. इसमें अमेरिका का संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई), इंटरपोल के साइबर अपराध निदेशालय और आईएफसीएससी, यूनाइटेड किंगडम की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए), सिंगापुर पुलिस फोर्स और जर्मनी की बीकेए प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी को इस तरह के फ्रॉड मामले में आगे की अहम जानकारियां आदि साझा की जाएंगी।

**साइबर ठगी हो तो करें शिकायत:** अगर आपके साथ साइबर ठगी होती है तो तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल बेवसाइट www.cybercrime.gov.in पर तुरंत शिकायत करें।

## पुणे में ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट व सह पायलट घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती तालुका के अंतर्गत कटफल गांव में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बारामती पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर प्रभाकर मोरे ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त विमान में दो लोग सवार थे। जिसमें एक पायलट और एक अन्य व्यक्ति था। इस हादसे में दोनों घायल हो गए हैं। बारामती पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर प्रभाकर मोरे ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान रेडबर्ड इंस्टीट्यूट का था। गुरुवार शाम लगभग पांच बजे बारामती तालुका के अंतर्गत कटफल गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और एक अन्य जो संभवतः सह-पायलट था, दोनों को चोटें आई हैं, उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

## गुजरात हाईकोर्ट ने 4 पुलिसकर्मियों को 14 दिनों के लिए भेजा जेल

**अहमदाबाद।** खेड़ा के एक गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ सदस्यों की सार्वजनिक पिटाई मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने 14 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति ए एस सुपेहिया और न्यायमूर्ति गीता गोपी की खंडपीठ ने चारों पुलिसकर्मियों को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया और उन्हें सजा के तौर पर 14 दिन जेल में बिताने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सुपेहिया की अगुवाई वाली पीठ ने इन पुलिसकर्मियों को आदेश मिलने के 10 दिनों के भीतर अदालत के न्यायिक रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया ताकि उन्हें जेल भेजा जा सके।

# फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीटर पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बातकर गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी ने मिडिल ईस्ट में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। इस दौरान उन्होंने इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया।



फिलिस्तीन मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत ने दो-राष्ट्र समाधान के लिए सीधी बातचीत के पक्ष में अपना रुख दोहराया है। गाजा के अल अहली अरब अस्पताल में मंगलवार को हुए विस्फोट में लगभग 470 लोगों के मारे गए, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी निंदा हुई है। फिलस्तीनी अधिकारियों ने अस्पताल में विस्फोट के लिए इजराइल के हवाई हमलों को दोषी ठहराया। वहीं इजराइल ने कहा कि आतंकवादी समूह फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा गाजा से दागे गए रॉकेट के कारण विस्फोट हुआ था।

## मणिपुर में नष्ट हुए घरों के लिए 10 लाख रुपए देगी सरकार

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि नष्ट हुए घरों में से पक्के घरों के पुनर्निर्माण के लिए 10 लाख और कच्चे घरों के पुनर्निर्माण के लिए पांच लाख रुपये दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत ये राशि दी जाएगी। इसके अलावा 'एक परिवार एक आजीविका' के तहत प्रत्येक संकटग्रस्त परिवार को सुविधा दी जाएगी। इस राशि को 10 लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है जो सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा है कि राज्य में हिंसा के दौरान विभिन्न सुरक्षा बलों के शस्त्रागारों से लूटे गए 5669 हथियारों में से अब तक केवल 1350 ही बरामद किए गए हैं। राज्य भर में संवेदनशील स्थानों पर चलाए गए तलाशी अभियानों में सुरक्षा बलों और पुलिस को यह कामयाबी मिली है।




### योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को एक माह में सुधार लाने के दिये थे निर्देश
# सीएम की सख्ती पर राजस्व मामलों के निपटारे में आयी तेजी

- पिछले एक माह में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो पहुंचा शत-प्रतिशत
- सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ, बलिया, प्रयागराज, गोरखपुर गोंडा में किया गया है

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद राजस्व के पेंडिंग मामलों के निपटारे में तेजी दर्ज की गयी है। वर्तमान में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो शत-प्रतिशत दर्ज किया गया है जबकि राजस्व के मामलों के निस्तारण का रेश्यो 90 प्रतिशत पार कर गया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव राजस्व ने दी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में सीएम कमांड सेंटर की रिपोर्ट की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने राजस्व के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए एक माह का वक्त दिया था। उसी का असर है कि एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया।

### लखनऊ ने एक लाख से अधिक राजस्व वादों का किया निपटारा

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 अक्टूबर को राजस्व की समीक्षा बैठक में राजस्व के पेंडिंग मामलों के निस्तारण के शत-प्रतिशत रेश्यो पर खुशी जाहिर की जबकि राजस्व के अन्य मामलों के निपटारे का रेश्यो 95 प्रतिशत करने के निर्देश दिये। सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ (1,00,307 वाद), बलिया (70,761 वाद), प्रयागराज (65,771 वाद), गोरखपुर (62,906 वाद), गोंडा (58,264 वाद) द्वारा किया गया है। इसी तरह पैमाइश के मामलों के निपटारे में टॉप पांच जिलों में बलिया, आजमगढ़, एटा, गाजीपुर और लखनऊ शामिल हैं। कुल 5,33,089 मामले रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 4,36,921 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं। पिछले एक माह में 29,032 मामलों को निपटाया गया है। इन मामलों को उपजिलाधिकारी स्तर पर 90 दिनों में निपटाने का प्राविधान है।

### नामांतरण के मामले निपटाने में बलिया, गोंडा ने मारी बाजी

नामान्तरण के 1,26,29,738 आवेदन आए, जिसमें से 1,18,86,265 आवेदन का निस्तारण किया गया, जिसका रेश्यो 94 प्रतिशत से अधिक रहा। इनमें बलिया, गोंडा, शाहजहांपुर, लखनऊ और बस्ती का अच्छा प्रदर्शन रहा। इसी तरह कुर्रा बटवारा के 4,82,238 आवेदन आए, जिसमें से 31,282 आवेदन का निस्तारण किया गया। इनमें बलिया, गोंडा, गाजीपुर, कुशीनगर और आजमगढ़ का अच्छा प्रदर्शन रहा। मालूम हो कि कुर्रा बटवारा के मामलों को निपटाने की समय सीमा 6 माह है, जिसे उप जिलाधिकारी स्तर से निपटाया जाता है।

## पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से शुरू होगी धान खरीद

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में खरीद शुरू किया जाना प्रस्तावित है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ है। पूर्वी उप्र के 3,08,663 किसानों द्वारा धान बिक्री हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है तथा 2282 कृषकों से 13648 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। गतवर्ष इस अवधि में 332 किसानों से 1614 मीट्रिक टन खरीद की गई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के अनुसार किसानों के हित में धान की आवक के दृष्टिगत पूर्वी उप्र के लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा अयोध्या संभाग के जनपद सुल्तानपुर, अमेठी अयोध्या, अंबेडकर नगर, बाराबंकी में धान की खरीद 20 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। इसके लिए उक्त जनपदों के जिलाधिकारियों को क्रय केंद्र क्रियाशील कराते हुये किसानों से धान की खरीद प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विवि और एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति, बोलीं...

# छात्र-छात्राओं को समान शिक्षा का सदैव रहे ध्यान



- प्रसिद्ध उद्योगपति, लेखक, समाजिक विचारक आरके सिन्हा और अभिनेता व फिल्म निर्देशक चंद्र प्रकाश द्विवेदी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित
- राष्ट्रपति ने स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के पासआउट छात्रों को प्रदान किया मेडल एवं प्रशस्तिपत्र

**केटी न्यूज/पटना**

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के कुलपति ने उपाधि प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

राष्ट्रपति ने सबसे पहले दीक्षांत समारोह में प्रसिद्ध उद्योगपति, लेखक, समाजिक विचारक आरके सिन्हा एवं भारतीय अभिनेता फिल्म निर्देशक एवं पटकथा लेखक चंद्र प्रकाश द्विवेदी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के विभिन्न संकायों स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के पास आउट विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्तिपत्र भेंटकर कुलाधिपति स्वर्ण पदक की उपाधि से सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संबोधित करते हुए कहा कि बापू की कर्मभूमि पूर्वी चंपारण में स्थापित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के प्रथम दीक्षांत समारोह में आकर मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है। मैं आज उपाधि प्राप्त करने वाले सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। आज दो विशिष्ट व्यक्ति डॉक्टरेट के मानद उपाधि से सम्मानित हुए हैं। मैं उन्हें भी विशेष तौर पर बधाई देती हूं। इस विश्वविद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त करनेवालों में 60 प्रतिशत संख्या छात्राओं की है। इस उपलब्धि के लिए मैं उन्हें साधुवाद देती हूं। मुझे विकसित भारत का स्वरुप यहां दिखाई दे रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी छात्र-छात्राओं को समान शिक्षा का अवसर प्रदान करने की बात हमेशा कहा करते थे। गांधी जी के इस विचार को सदैव ध्यान में रखना चाहिए। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में गांधी जी के चंपारण प्रवास की चर्चा की है। गांधी जी ने समाजिक समानता, एकता का रास्ता अपनाने का लोगों से आह्वान किया था। यहां पर वाल्मिकी टाइगर रिजर्व है। यह धरती इतिहास एवं वन संपदा से समृद्ध है। यहां पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। आप सभी भगवान बुद्ध और बापू की इस धरती पर शिक्षा हासिल कर शिक्षा का परचम लहरायाएं मैं पुनः अपनी शुभकामनाएं देती हूं।

### विवि के अपने भवन के लिए हरसंभव मदद करेंगे: सीएम

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2007 में केंद्र सरकार ने कई राज्यों में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया था। इसके बाद वर्ष 2009 में केंद्र द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम पारित किया गया। केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। हमने प्रस्ताव दिया कि बिहार में केंद्रीय विश्वविद्यालय बापू की कर्मभूमि चंपारण की धरती पर बनेगा। वे इससे इंकार कर दिए। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ने उस समय हमें बुलाकर भोजन भी कराया लेकिन उन्होंने कहा कि चंपारण में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाना ठीक नहीं होगा। उन्होंने गया में बनाने की बात कही। उसके बाद हमने कहा कि गया का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान है। हम मदद करेंगे लेकिन तब हम आग्रह करेंगे कि बिहार में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने का निर्णय लीजिए। वर्ष 2014 में मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने की स्वीकृति प्रदान की गई। वर्ष 2016 में यहां काम शुरू हुआ। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द इसका भवन बन जाए। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के लिए हमलोग 130 एकड़ भूमि उपलब्ध करा चुके हैं, इन्हें 300 एकड़ भूमि की और आवश्यकता है। जिसके लिए हमने अधिकारियों को निर्देश दे दिया है। उसके बाद भवन निर्माण का कार्य भी यथा शीघ्र शुरू कराएं। राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी।



# डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं इसलिए हमेशा सेवा भाव से कार्य करें: राष्ट्रपति

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यहां आकर मुझे काफी खुशी हो रही है। आज का दिन आप सबके लिए बहुत खुशी का दिन है। आज एम्स पटना का पहला दीक्षांत समारोह है। मुझे इस बात की खुशी है कि आज डॉक्टरेट की उपाधि पानेवालों में 55 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं। मैं उन सभी लड़कियों को इसके लिए बधाई देती हूं। माता-पिता और डॉक्टर भगवान के रुप होते हैं इसलिए डॉक्टर सेवा भाव से कार्य करें। आपको एम्स जैसे संस्थान से उपाधि प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हम सब जानते हैं कि पहले भारत में एक ही एम्स संस्थान था। यह संस्थान अत्यंत सक्षम डॉक्टर तैयार कर रहा है। यहां से उपाधि प्राप्त कर देशवासियों को स्वस्थ रखने की आपके ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। पिछले कुछ वर्षों में कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बनाये गये हैं, जिससे लोगों को बहुत सहूलियत मिल रही है।

### एम्स निर्माण के समय मैं एक एक चीज को देखता था: सीएम

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2003 में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में जब मैं मंत्री था, उस समय दिल्ली एम्स की तर्ज पर देश में तीन नये एम्स के निर्माण की स्वीकृति दी गयी। तीन नये एम्स में से एक एम्स पटना में बनना तय किया गया था। एम्स के निर्माण के समय मैं हमेशा आकर एक-एक चीज को देखता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 से एम्स की शुरूआत हुई। यहां पर 960 बेड उपलब्ध है। सभी प्रकार की सर्जरी एवं अन्य जटिल रोगों का इलाज बेहतर ढंग से होता है। एम्स की मांग पर हमलोगों ने 330 करोड़ रुपए की राशि से 27 एकड़ जमीन एम्स को और उपलब्ध करा रहे हैं। एम्स के बगल में ही मरीजों के परिजनों को ठहरने के लिये 248 बेड का धर्मशाला का निर्माण जल्द पूरा होगा ताकि मरीजों के परिजनों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो। यहां आने में किसी को कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर सभी तरह की व्यवस्था की जा रही है। पटना एम्स को आगे जो भी जरूरत होगी, राज्य सरकार उसमें सहयोग करेगी।

# जब तक जिंदा हैं तब तक बीजेपी से दोस्ती बरकरार रहेगी: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी को लेकर बड़ा बयान दिया है। महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान भाषण में उन्होंने कहा कि बीजेपी से उनकी दोस्ती तब तक खत्म नहीं होगी जब तक वह जिंदा हैं। अलग हैं तो क्या हुआ लेकिन दोस्ती हमेशा बरकरार रहेगी। नीतीश कुमार ने खुले मंच से यह बात कही तो हॉल में मौजूद भाजपा कार्यकताओं की ओर से जमकर तालियां बजाई गई। नीतीश कुमार ने तत्कालीन मनमोहन सरकार की आलोचना भी की।

दरअसल गुरुवार को महात्मा गांधी के कर्मभूमि पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें भाजपा नेता व मोतिहारी सांसद राधा मोहन सिंह समेत कई नेता दीक्षांत समारोह के मंच पर तो हॉल में बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



# जमीन के लिए छोटे भाई ने बड़े भाई-भाभी को कुल्हाड़ी से काटा

### जमुई में डबल मर्डर से सनसनी

**केटी न्यूज/पटना**

जमुई में जमीनी विवाद को लेकर एक छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई और भाभी को कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। पति-पत्नी की एकसाथ हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी छोटा भाई फरार हो गया है। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के लहेला गांव की है।

मृतक की पहचान लहेला गांव निवासी चिमनी मालिक देवेंद्र मिश्रा और उनकी पत्नी मीरा देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक देवेंद्र मिश्रा का अपने ही सगे भाई रविंदर मिश्रा और जितेंद्र मिश्रा से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। इस विवाद को लेकर पहले भी झगड़ा होता रहा है। गुरुवार की सुबह विवाद काफी बढ़ गया। इसी दौरान छोटे भाई ने ही अपने बड़े भाई और भाभी के सिर और गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर दोनों को मौत के घाट उतार दिया।

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले के छानबीन में जुट गई है। जमुई के सदर डीएसपी सतीश सुमन भी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस हत्या में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL RUPSAGAR
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



## दुर्गा पूजा के मेला व विसर्जन के दौरान चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस के जवान

# मेला में सुरक्षा व विधि व्यवस्था में नहीं बर्दाश्त की जाएगी किसी भी प्रकार की लापरवाही: डीएम

■ डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से बैठक कर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



शनिवार से चार दिवसीय दशहरा मेला की शुरूआत हो रही है। मेला में जिलेभर के पूजा पंडालों में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु व मेला घुमने वाले बच्चें आते है। वही प्रतिमा विसर्जन के दौरान भी पूजा समितियों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल होते है। जिस कारण विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखना तथा शांतिपूर्ण मेला संपन्न कराना प्रशासन के लिए चुनौती बना रहता है।

इस चुनौती से निपटने के लिए गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने संयुक्त प्रेस ब्रिफिंग कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए है। यह ब्रीफिंग जिला निबंधन परामर्श केन्द्र बक्सर के सभागार में आहूत की गई। जिसमें डीएम एसपी ने कई आवश्यक निर्देश दिए। वही दशहरा मेला के दौरान पंडालों तथा विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी लगाने का सख्त निर्देश दिया।

**दोनों अनुमंडलों के एसडीओ व एसडीपीओ को दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी :** संयुक्त ब्रिफिंग के दौरान डीएम ने बक्सर तथा डुमरांव अनुमंडलों के एसडीओ तथा एसडीपीओ को मेला व विसर्जन को लेकर प्रतिनियुक्त किए गए को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। वही उनके अनुपस्थित होने पर तत्काल रिजर्व टीम से वहां संबंधित पदाधिकारी या कर्मी को ड्यूटि के लिए तैयार रखने को कहा। जबकि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार को-ऑडिनेटर, पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति करने की जिम्मेवारी भी दोनों अनुमंडलों के एसडीओ व एसडीपीओ को दी गई। ब्रिफिंग के दौरान बताया गया कि सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी एवं सशस्त्र बल, लाठी बल अपने अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर 21 अक्टूबर की शाम पांच बजे से 25 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन तथा स्थिति सामान्य होने तक बने रहेंगे।

**नियंत्रण कक्ष की कमान संभालेंगे जिला योजना पदाधिकारी आपदा :** दशहरा पर्व 2023 के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बक्सर समाहरणालय परिसर स्थित कोषागार कार्यालय में बनाया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06183-223333 है। जिला नियंत्रण कक्ष का सम्पूर्ण प्रभार जिला योजना पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह के जिम्मे दी गई है। उनसे मो0 8318580831 तथा उनके साथ आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रंजना कुमारी मो0 9431005024 से आपात स्थिति में सहयोग लिया जा सकता है। वहीं अग्निशमन पदाधिकारी दुर्गा पुजा, दशहरा मेला तथा भरत मिलाप की समाप्ति तक के दौरान बक्सर एवं डुमरांव शहर में उपयोग में लाये जा रहे सभी अग्निशमन वाहन को तैयार हालत में रखने तथा इनमें से एक-एक अग्निशमन वाहन मॉडल थाना बक्सर एवं डुमरांव थाना में रखने को कहा गया है। जबकि दोनों एसडीओ व एसडीपीओ के अलावे सभी बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्षों को सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाये रखेंगे। आपतिजनक टिप्पणी प्राप्त होने पर तुरंत कार्रवाई करने तथा साइबर सेनानी ग्रुप के माध्यम से निगरानी करने को कहा गया है।

### अलर्ट मोड में रहेगा स्वास्थ्य विभाग

डीएम ने सीएस डॉ. एसी सिन्हा को सभी पीएचसी में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति व एम्बुलेंस तैयार हालत में रखने का निर्देश दिया। सभी अस्पतालों में उपचार का प्रबंध करेंगे तथा अस्पताल में रोस्टर के अनुसार दिन-रात शल्य चिकित्सक आवश्यक दवाइयों एवं प्राथमिक उपाचार का प्रबंध करेंगे। अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन वार्ड कार्यरत होगा। सभी चिकित्सक व कर्मी रोस्टर के अनुरूप उपस्थित रहेंगे। वहीं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, समाहरणालय बक्सर में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ एक चिकित्सक तथा डीपीएम की प्रतिनियुक्ति की जाए।

### सफाई तथा रौशनी की दी गई जिम्मदारी

बैठक में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने उपस्थित बक्सर तथा डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों के अलावे नगर पंचायत ब्रह्मपुर, चौसा तथा इटाढ़ी के ईओ को अपने अपने क्षेत्र के वार्डों में दुगार्पूजा के दौरान साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी प्रखंडों में सड़कों, गलियों, चौक-चौराहों आदि जगहों पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा इसकी निगरानी करने की जिम्मेवारी दी। वही सभी नगर परिषद व नप पंचायतों के ईओ के साथ ही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर को दुगार्पूजा के दौरान पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकी दर्शनार्थ आने वाले लोगों को पेयजल की कठिनाई न हो।

# शहर में 3 वॉच टावरों से होगी शरारती तत्वों की निगरानी

## 20 मजिस्ट्रेट एवं 20 मजिस्ट्रेट होंगे प्रतिनियुक्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**

◆ अनुमंडल में जगह जगह तैनात होंगे मजिस्ट्रेट और पुलिस जवान, महिलाओं की सुरक्षा पर रहेगा फोकस

डुमरांव शहर सहित आसपास के इलाके में दशहरा के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर अनुमंडल प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद इंतजाम किये गये है। शांति व्यवस्था को लेकर अनुमंडल के विभिन्न जगहों पर बीस जगहों पर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। शहरी इलाके में तीन जगहों पर वॉच टावर से शरारती तत्वों की निगरानी होगी।

शहर में महिला व पुरुष बल के जवानों के अलावे सादे लिबास में भी पुलिस बलों की चहलकदमी बढ़ गयी है। हर पूजा-पंडालों के समीप पुलिस बल के जवान प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। दशहरा पर्व पर कानून व्यवस्था नहीं बिगड़े इसके लिए एसडीएम कुमार पंकज और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी को कमान दिया गया है। जबकि शहर के राजगढ़ चौक, शहीद गेट, शीला सिनेमा, जवाहर मंदिर रोड, जंगल बाजार, स्टेशन रोड के अलावे नया भोजपुर के महावीर चौक, पकवाइनार, पुराना भोजपुर के अलावे कोरानसराय और कृष्णाब्रह्म इलाके में अलग-अलग जगहों पर मजिस्ट्रेटों की पैनी नजर बनी रहेगी। कई जगहों पर तीसरी आंख से भी निगरानी बरती जायेगी। अनुमंडल प्रशासन ने बताया कि दशहरा पूजा के दौरान हर थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। अनुमंडल की पुलिस दिन-रात गश्ती में रहेगी। हर चौक-चौराहों और सुनसान इलाके में भी पुलिस की नजर बनी रहेगी। दशहरा में कई जगहों पर पूरी रात श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, जिसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादातर रहती है। ऐसी स्थिति में पुलिस सुरक्षा को लेकर मुश्तैद रहेगी। दशहरा पर कानून व्यवस्था की निगरानी को लेकर शहर में तीन वॉच टावर बनाये जायेंगे, जिस पर से प्रशासनिक अधिकारी निगरानी बरतेगी। वॉच टावर राज अस्पताल मोड, स्टेट बैंक के समीप तथा राजगढ़ चौक पर तैयार जायेंगे, जहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जायेंगे, जिसके तहत मनचलों को पकड़ने में पुलिस की सहूलियत मिलेगी। वॉच टावर लाइट, पानी और डॉक्टरों की टीम के साथ लैस रहेगा। इन जगहों पर अलग-अलग शिफ्टों में अधिकारियों के साथ डॉक्टरों की टीम मुश्तैद रहेगी। साथ ही स्थानीय थाना परिसर में फायर ब्रिगेड और अस्पतालों में एम्बुलेंस वाहन की भी सुविधा मुहैया होगी।

# राजमिस्त्री की हत्या मामले में एक आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के गौशाला रोड निवासी व पेशे से राजमिस्त्री रहे विनोद सिंह उर्फ सोमारू महतो हत्याकांड में पुलिस ने एक अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव निवासी नरेश चौधरी के पुत्र जगदीश चौधरी की भूमिका इस हत्याकांड में पुलिस की जांच में सामने आई थी।

हालांकि प्राथमिकी में उसका नाम नहीं था। लेकिन वैज्ञानिक तरीके से चल रहे इस हत्याकांड की जांच में जब पुलिस को उसके खिलाफ पुख्ता सबूत मिला तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि गौशाला रोड निवासी कालेश्वर महतो के पुत्र विनोद उर्फ सोमारू की हत्या कर उसके शव को इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बधार में फेंका गया था। इसी वर्ष 25 मार्च को उसका शव बरामद हुआ था। वह 24 मार्च को दोपहर में खाना खाने के बाद घर से रहस्यमय ढंग से लापता हुआ था। इस मामले में उसकी पत्नी ने स्थानीय थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था। जबकि घटना के विरोध में मोहल्लेवासियों ने थाना के मुख्य गेट के पास डुमरांव बिक्रमगंज पथ को जाम कर दिया था। डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस जांच में उसका नाम सामने आया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पड़ेगा भारी, बस के ऊपर बैठकर सफर करने वालों पर कसेगा नकेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस काफी सख्त है। आए दिन जाम से निजात दिलाने को लेकर पुलिस व प्रशासन तत्पर है। इस क्रम में डुमरांव एसडीओ ने बीते दिनों शहर की जनता को अश्वत किया है कि जल्द ही नो-इंट्री के समय में बदलाव किया जाएगा। वहीं, स्थानीय पुलिस जाम को लेकर लगातार अभियान चला रही है। इस क्रम में डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने गुरुवार को भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों का चालान काटते हुए उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने की नसीहत दी। साथ ही, उन्होंने वाहन के सभी कागजात अपने साथ रखने को कहा।

**बस चालकों और स्टैंड के एजेंट्स को दी चेतावनी:** इस दौरान थानाध्यक्ष ने बस चालकों और एजेंट्स को वाहनों के ऊपर यात्रियों को नहीं बैठाकर सफर करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में कोई भी बस चालक अपनी बसों के ऊपर स्कूली छात्रों और अन्य यात्रियों को बैठते हुए पाया गया तो बस को जब्त कर उचित कार्रवाई की जाएगी। बताया कि स्कूली छात्रों द्वारा बस के ऊपर बैठ कर हुड़दंग करने की सूचना मिलती है। जिसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

**दुर्गा पूजा बाद चलेगा विशेष अभियान :** थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद थानाक्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें शहर में दौड़ रही ऑटो और टोटो के चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस की जांच करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि शहर में देखा जा रहा है कि अधिकांश ऑटो और टोटो चालक 16 से 30 वर्ष के युवा हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए उक्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया है।

## एक नजर

### सुमित्रा कॉलेज में मनायी गयी दिवंगत डॉ. अजित कुमार सिंह की दूसरी पुण्यतिथि, दी गयी श्रद्धांजलि



**डुमरांव।** सुमित्रा महिला कॉलेज में गुरुवार को शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर सह कॉलेज के पूर्व सचिव डॉ अजित कुमार सिंह उर्फ ढुनमुन सिंह की दूसरी पुण्यतिथि आयोजित की गयी। इस दौरान उनके तैल्य चित्र पर कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वे मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे। कॉलेज के सर्वांगीण विकास में उनका अहम योगदान रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने किया, जबकि इसका संचालन प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर द्वारा किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कहा कि डॉ जगनारायण सिंह ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस कॉलेज की स्थापना की थी। उनके निधन के बाद डॉक्टर अजित सिंह ने आधी आबादी की शिक्षा की उड़ान को लेकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी। आज पूरा कॉलेज प्रशासन उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रयत्नशील है। मौके पर प्रो श्रीकांत सिंह, प्रो शैलेंद्र कुमार, चीकू सिंह, प्रो मीरा कुमारी, प्रो अर्चना, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में चार घायल

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केसठ गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज केसठ सीएचसी में कराया गया। जबकि एक युवक अब्दुल को चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए पटना रेफर कर दिया है। इधर मारपीट घटना के बाद एक पक्ष के असलम खां ने बिट्टू यादव, लाला अंसारी समेत तीन नामजद एवं सात अज्ञात पर नावानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात आपसी विवाद में अब्दुल एवं बिट्टू के बीच तू-तू मैं- मैं होने लगी। बात जब आगे बढ़ गई तो दोनों पक्ष आपस में मारपीट करने लगे। एक दूसरे पर जमकर लाठियां चटाया। जिससे दोनों पक्ष से चार लोग जख्मी हो गए। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि आपसी विवाद में दो पक्ष के मारपीट हुई है। जिसमें एक पक्ष द्वारा तीन नामजद एवं सात अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति नहीं होने तक आंदोलन पर डटे रहेंगे शिक्षक: यतीन्द्र



**बक्सर।** स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति की मांग पर तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। गुरुवार को आयोजित धरने की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक यतीन्द्र कुमार चौबे ने व मंच संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया।

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जिला में प्रधानाध्यापक का कुल 460 स्वीकृत पद है। विगत कई वर्षों से सभी पद रिक्त हैं। यह प्रधानाध्यापक विहीन जिला है। जिला में कुल 231 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक हैं। जिसमें वर्तमान में 189 प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। जिन्हें उसी विद्यालय में प्रोन्नति देकर प्रधानाध्यापक पद पर पद स्थापित कर देना है। शेष 42 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों प्रोन्नति देकर अन्यत्र विद्यालयों में पदस्थापित करना है। यही निदेशक प्राथमिक शिक्षा आदेश है। जिसे 10 सितंबर तक कर देना था। विभागीय पदाधिकारी सोची समझी साजिश के तहत सरकार को बदनाम करने की नियत से प्रोन्नति नहीं दे रहे हैं। धरना स्थल पर मुख्य रूप से संजीव कुमार तिवारी, लक्ष्मी कुमारी,अंजू कुमारी, अन्नपूर्णा त्रिपाठी, सुमित्रा कुमारी, अजित कुमार, रमेशचन्द्र राम, संजय कुमार, राजेन्द्र उपाध्याय, अजय कुमार, मु. आशिक, त्रिभुवन राय, गुप्तेश्वर प्रसाद केशरी, मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, लालबहादुर सिंह, अरुण तिवारी, मु. फिरोज अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्तित रहे।

# 2.5 करोड़ की शराब की बोतलों पर चला बुलडोजर

◆अब तक हुई विनष्टिकरण में गुरुवार को नष्ट की गई सबसे अधिक शराब

**केटी न्यूज/बक्सर**



15-20 दिन पहले बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतू पर उत्पाद विभाग द्वारा तीन दिनों के अंदर शराब से लदी दो कंटेनर बरामद किया गया था। जिसमें 13087 लिटर तथा बक्सर अनुमंडल के विभिन्न थानों से जब्त शराब समेत कुल 13500 लिटर शराब मिला था, जिसकी कीमत 2.5 करोड़ रूपए आंकी गई थी। गुरूवार को बाजार समिति में उक्त शराब पर बुलडोजर चला विनष्ट किया गया।

विनष्टीकरण के दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल तथा एसपी मनीष कुमार उपस्थित थे। बता दें कि पिछले दिनों समीक्षा बैठक के दौरान उत्पाद विभाग ने डीएम से भारी मात्रा में जब्त शराब के रख रखाव में आ रही परेशानी को बताते हुए इसे नष्ट करने की अनुमति मांगी थी। डीएम के निर्देश पर ही शराब को विनष्ट किया गया। बताया जाता है कि शराबबंदी कानून लागू होने के बाद बक्सर में यह एक दिन में सबसे अधिक मूल्य की शराब विनष्ट हुई है। शराब विनष्टिकरण के दौरान उत्पाद विभाग व पुलिस के कई अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

## विजयादशमी महोत्सव का 13वें दिन रासलीला में वामनावतार लीला का हुआ मंचन

# भगवान वामन ने दो पग में ही नाप डाला धरती व देवलोक

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्री राम लीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के क्रम में 13वें दिन वृंदावन से पधारे श्री नंद नंदन रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी श्री करतार बृजवासी के सफल निर्देशन में गुरुवार को दिन में कृष्ण लीला के दौरान ₹वामनावतार लीला₹ का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि बलशाली दैत्य राजा बलि ने इन्द्र देव को पराजित कर स्वर्ग पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद के पौत्र और दानवीर राजा होने के बावजूद, राजा बलि एक अभिमानी राक्षस होता है। अत्यन्त पराक्रमी और अजेय बलि अपने बल से स्वर्ग लोक, भू लोक तथा पाताल लोक का स्वामी बन बैठा।

जब स्वर्ग से इंद्र देव का अधिकार छिन गया, तो इंद्र देव अन्य देवताओं को साथ लेकर भगवान विष्णु के पास पहुंचे। इंद्र देव ने भगवान विष्णु को अपनी पीड़ा बताते हुए सहायता के लिए विनती की। देवताओं की ऐसी हालत देख भगवान विष्णु ने आश्वासन दिया, कि वे तीनों लोगों को राजा बलि के अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने के लिए माता अदिति के गर्भ से वामन अवतार के रूप में जन्म लेंगे, जिसके बाद भगवान विष्णु ने वामन के रूप में धरती पर पांचवां अवतार लिया।

इसके बाद भगवान वामन एक बौने ब्राह्मण के वेष में राजा बलि के पास गये और उनसे अपने रहने के लिए तीन कदम के बराबर भूमि देने का आग्रह किया। उनके हाथ में एक लकड़ी का छाता था। हालांकि गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि को किसी भी प्रकार के वचन देने को लेकर चेताया, लेकिन राजा बलि ने माने और ब्राह्मण पुत्र को वचन दिया, कि उनकी ये मनोकामना जरूर पूरी करेंगे। इसके बाद वामनदेव ने अपना आकार इतना बढ़ा लिया कि पहले ही कदम में पूरा भूलोक (पृथ्वी) नाप लिया, दूसरे कदम में देवलोक नाप लिया। तीसरे कदम के लिए कोई भूमि नहीं बची, लेकिन राजा बलि अपने वचन के पक्के थे। इसलिए तीसरे कदम के लिए राजा बलि ने अपना सिर झुका ?कर कहा, कि तीसरा कदम प्रभु यहां रखें। वामन देव राजा बलि की वचनबद्धता से अति प्रसन्न हुए। इसलिए वामन देव ने राजा बलि को पाताल लोक देने का निश्चय किया और अपना तीसरा कदम बलि के सिर पर रखा जिसके फलस्वरूप बलि पाताल लोक में पहुंच गए। राजा बली ने भी वामन भगवान से वरदान मांगा कि जब मेरे नेत्र खुले आप मेरे नेत्रों के समक्ष रहें। जहां वामन देव उनको आशीर्वाद प्रदान करते है। उक्त लीला का दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते है। लीला के दौरान पुरा परिसर दर्शकों से खचाखच भरा रहता है।



## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी में जुर्माना व केस दर्ज

**डुमरांव।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया, जिसमें एक को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और जुमार्ना लगाते हुए आरोपी के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व डुमरांव के कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर ने किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में डुमरांव के बाइपास रोड निवासी दुर्गा देवी द्वारा मीटर बाइपास कर अवैध रूप से बिजली चोरी किया जा रहा था, जिनके ऊपर 5961 रुपये का जुर्माना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### जिला बीससूत्री के उपाध्यक्ष बने अशोक

**बक्सर।** गुरुवार को जिला बीस सूत्री का गठन किया गया। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री को अध्यक्ष तथा जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला बीससूत्री के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी कार्यकताओं ने कार्यालय में उनक भव्य स्वागत किया तथा मिठाइयां बाँटकर खुशी का इजहार किया गया। इसके लिए कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह, बिजेंद्र यादव ऊर्जा मंत्री को कार्यकताओं ने बधाई दी। बधाई देने वालों में मोहन चौधरी जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर जिला परिषद, भोला यादव, बृजेश यादव, कृष्ण सिंह, मोहम्मद मुस्तफा, मुन्ना यादव, नंदजी प्रसाद, शैलेश ठाकुर, उमाशंकर राम, राम बाबू कुमार, अरुण सिंह, पहलवान श्रीकृष्णा चौधरी, सुरेश चौहान व अन्य मौजूद रहे।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...



**डुमरांव।** नवरात्र को लेकर पूरा जिला भक्तिमय हो गया है। ऐसे में डुमरांव अनुमंडल भी भक्ति के रस से सराबोर है। एक ओर जहां मंदिरों को सजा कर माता की अनुष्ठान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पूजा पंडालों को व मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डुमरांव स्टेशन के समीप स्थित पंचमंदिर को भी दुर्गापूजा को लेकर भव्य रूप से सजाया गया है। जो मंदिर की सुंदरता को चार चांद लगा रहा है। वहीं, संध्या बेला में माता की आरती पूजन के समय सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवतियां व बच्चे दर्शन को जुट रहे हैं।



## प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर का निरीक्षण नहीं होने से उठे कई सवाल

# जांच के बाद खुला राज: चहेतों को बचाने में जिले के कई स्कूलों में नहीं होता है निरीक्षण

- उपनिदेश की जांच के बाद शक के दायरे में विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली
- कहीं जिले के चर्चित शिक्षा माफिया के दबाव में तो उक्त विद्यालय में जांच नहीं कर रहे थे अधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनते ही तेज तर्रार आईएएस अधिकारी केके पाठक ने इस विभाग में क्रांतिकारी बदलाव ला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को धरातल पर उतारने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए थे। पिछले कुछ महीनों में इसका असर भी पूरे राज्य में दिखाई पड़ा है। स्कूलों में न सिर्फ शिक्षकों की नियमित उपतस्थिति सुधर है बल्कि छात्रों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन बक्सर जिले में उनके प्रयासों का विशेष असर नहीं दिखाई पड़ रहा है।

विभागीय पदाधिकारियों की उदासनीता तथा चेहतों को बचाने में विभाग के अधिकारी अपर मुख्य सचिव के निर्देशों का पालन नहीं करा पा रहे है। वही जानकारों की मानें तो विभाग में शिक्षा माफियाओं की मजबूत पकड़ है। जिसने चंगुल में फंसे कई अधिकारी इनके खिलाफ मुंह खोलने से कतरा रहे है। जानकारों का



कहना है कि आरटीआई व लोक सूचना के अधिकार अधिनियम को हथियार बना ये शिक्षा मॉफिया पदाधिकारियों पर अपना रौब गॉठते है। यही कारण है कि अपर मुख्य सचिव के सख्त निर्देश के बाद भी प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर समेत कई स्कूलों में जांच करने जाने से विभागीय अधिकारी कतराते है। वहीं कई स्कूलों में जांच की सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। जिससे शिक्षा व्यवस्था सुधरने की बजाय और बिगड़ रही है।

**उपनिदेशक के निरीक्षण के बाद हुई जांच में बंद पाया गया था विद्यालय :** बता दें कि सिमरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर में विभाग के उपनिदेशक अमर भूषण 14 अक्टूबर को जांच करने पहुंचे थे तो इस विद्यालय में सिर्फ प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी मौजूद थीं। जबकि दूसरी शिक्षिका शोभा कुमारी गायब थी। वह सीएल का आवेदन जरूर लिखी थी लेकिन उस पर यह अंकित नहीं था कि वह किस तारीख से कब तक सीएल पर रहेंगी। जबकि उप निदेशक को देखते ही प्रधानाध्यापिका ने उनके आवेदन को स्वीकृति भी दे दी। इस दौरान स्कूल में कुल 35 छात्रों में मात्र 9 छात्र ही मौजूद थे। वही उनके निर्देश पर अगले कार्य दिवस यानी सोमवार को स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ भी उक्त स्कूल का जांच करने पहुंचे तो 9.45 तक ताला बंद था और एक भी छात्र उपस्थित नहीं हुए थे।

### जिले के चर्चित शिक्षा माफिया की है परिजन शिक्षिका

डीपीओ ने अपने जांच रिपोर्ट में बताया है कि इस विद्यालय की अबतक जांच नहीं हुई थी तथा वहां निर्धारित समय के बाद तक ताला बंद होने तथा विद्यालय परिसर व शौचालय की साफ सफाई भी नहीं हुई थी। जो इस बात का प्रमाण है कि अपर मुख्य सचिव के निर्देश के बाद भी सभी स्कूलों की जांच एक समान रूप से नहीं हो रही है। वहीं जानकारों का कहना है कि उक्त विद्यालय में जिले के एक चर्चित शिक्षा माफिया की परिजन शिक्षिका है।

जिससे यह सवाल उठता है कि कही उक्त मॉफिया के दबाव में तो विभागीय पदाधिकारियों ने उस स्कूल का अबतक निरीक्षण नहीं किया था। इस मामले में विभाग के कई अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। अपर मुख्य सचिव ने उस विद्यालय का अबतक निरीक्षण नहीं होने पर डीईओ से स्पष्टीकरण पूछ अधिकारियों के कार्यशैली को संदेह के घेरे में ला दिया है। इस संबंध में स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ ने बताया कि दीयां परमेश्वर स्कूल की दोनों शिक्षिकाओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## स्नान करने गई चौकीदार की पत्नी की गंगा में डूबने से मौत



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के सिन्हा ओपी क्षेत्र के महुली स्थित गंगा नदी में डूबने से 50 वर्षीय एक महिला की मौत हो गयी। नहाने के दौरान पैर फिसलने से महिला गहरे पानी में गिर पड़ी। जिससे उनकी जान चली गयी। मृत महिला सिन्हा ओपी क्षेत्र के पोरहां गांव निवासी चौकीदार जयलाल राम की पत्नी सीमा देवी थी।

बेटे विजय कुमार पासवान ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार की अगले सुबह करीब तीन बजे वह गंगा स्नान करने के लिए महुली घाट गयी थी। वहां स्नान करने के दौरान पैर फिसल जाने से वह नदी में गिरकर डूब गई। उससे उनकी मौत हो गई। काफी देर बाद भी वह घर नहीं लौटी तो वे लोग खोजबीन करने महुली घाट पहुंचे। जहां घाट के किनारे उनका कपड़ा दिखा। उसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा से शव निकाला गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

### विषैले सांप के डंसने से मिहला की गई जान

**आरा।** भोजपुर के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव में गुरुवार की सुबह विषैले सांप के डसने से घर में सो रही महिला की मौत हो गई। मृत महिला का मूल रूप से बड़हरा थाना क्षेत्र के कुईंया गांव निवासी संजय बिंद की 32 वषीर्या पत्नी हीरामनी देवी थी।? कुछ वर्षों से वह परिवार के साथ सोहरा गांव स्थित बांध पर झोपड़ी लगाकर रहती थी। उसके पति संजय बिंद ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह अपने काम पर गया था। उसकी पत्नी घर में खाना बना रही थी। खाना बनाने के बाद वह अपने कमरे में जाकर खाट पर आराम करने लगी। उसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे डंस लिया।

## मर्यादित जीवन जीने पर ही समझ आएगी श्रीकृष्ण कथा: आचार्य रणधीर

**केटी न्यूज/बक्सर**

भगवान श्रीराम मयार्दापुरूषोतम थे। उनका पूरा जीवन मयार्दा में ही बीता। उनकी तरह मयार्दा में जीवन यापन करने वालों को ही श्रीकृष्ण की कथा समझ में आएगी। उक्त बातें जिले के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत बिझौरा गांव में दुर्गा पूजा समिति बिझौरा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भक्तमाली मामाजी के कृपापात्र आचार्य रणधीर ओझा ने कहीं।

उन्होंने आज की कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन किया। कहा कि जब-जब धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुई, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। जीव यदि पूरी निष्ठा से प्रभु की भक्ति करता है तो वह बलि बनता है एवं उस पर कृपा करने के लिए भगवान स्वयं वामन के रूप में आते हैं। परमात्मा जब द्वार पर आते हैं तो तीन कदम पृथ्वी अर्थात तन, मन एवं धन जीव से मांगते हैं। तन से




सेवा, मन से सुमिरन व धन से सेवा जो बलि की भांति करता है, भगवान उसके द्वारपाल बनते हैं और वही अक्षुण्ण साम्राज्य को प्राप्त करता है। आचार्य ने अंत में बताया कि जब तक हमारा जीवन राम की तरह नहीं रहेगा तब तक श्रीकृष्ण कथा हमें समझ नहीं आयेगी। भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे सुनने ग्रहण करने से मन को शांति मिलती है। अपने शरीर में भरी मैल को साफ करने के लिए अगर इसे मन से ग्रहण करें तो यह अमृत के समान है। मानव का सबसे बड़ा दुश्मन हमारे अंदर बैठा अहंकार है। श्रीमद् भावगत कथा का श्रवण और उसका अनुश्रवण अहंकार को खत्म करने का सबसे उचित मार्ग है।

## बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है, यहां के छात्रों में काफी प्रभावशाली हुनर : डीन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार कृषि विश्वविद्यालय के नवपदस्थापित डीन ने गरुवार को वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने पूरे कॉलेज परिसर का अवलोकन करने के साथ ही प्राचार्य तथा कृषि वैज्ञानिकों के साथ बात कर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कृषि में शोध और कृषि में शिक्षा के समग्र विकास का है। इसके लिए कॉलेज की विधि व्यवस्था का रिव्यू लिया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की परियोजनाओं को गति दी जाएगी। हालांकि कॉलेज की विधि व्यवस्था से वो खासा संतुष्ट दिखे और प्राचार्य की काफी सराहना की।

विश्वविद्यालय के डीन ने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां के छात्रों में काफी प्रभावशाली हुनर है। ऐसे में जरूरत है तो उनकी प्रतिभा को सही ढंग से मॉनिटर करने की। इसके लिए बीएयू काम कर रहा है और हर दिन अपनी



- कृषि विश्वविद्यालय सब्बौर के डीन ने कृषि कॉलेज का किया निरीक्षण

पठन पाठन की शैली में नए प्रयोग कर रहा है। डीन ने कॉलेज के कृषि वैज्ञानिकों व प्रोफेसर्स से जानकारियां ली कि उनके क्या मुद्दे हैं, क्या बाधाएं आ रही है। उन्होंने सभी छात्रों के साथ बैठकर उनकी परेशानियों और उनके विचारों को सुना। उन्होंने कहा कि सुनने से ही बाधाओं का निराकरण होता है। डीन ने बंद पड़े गर्ल्स छात्रावास का निरीक्षण करते हुए यह बताया कि इसे 4 महीने के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। वहीं ऑडिटोरियम की इंटीरियर मेंटेनेंस को लेकर डीन ने आश्वस्त किया कि इसका प्रस्ताव जल्द ही कुलपति के समक्ष रख इसको शुरू कराने की दिशा में काम किया जायेगा। बता दें कि डुमरांव का वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज कृषि क्षेत्र में नए-नए अनुसंधान कर तथा समय समय पर किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर उन्हें नई तकनीकी से रूबरू करा रहा है।

## बेटियों के दो साल की आयु तक संपूर्ण टीकाकरण करने पर माता पिता को मिलते हैं दो हजार रुपए

# संपूर्ण टीकाकरण योजना से मिल रही बेटियों के उत्थान को गति

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। जिनमें से एक समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत संपूर्ण टीकाकारण योजना भी है। इस योजना के तहत उन बच्चियों के माता पिता को प्रोत्साहन राशि दी जाती हैं, जो अपनी बेटियों को दो साल की आयु पूरी होने पर संपूर्ण टीकाकरण के सभी टीके लगवाते हैं।

योजन के तहत 2000 रुपए की राशि स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीबीटी के माध्यम से बच्चियों के माता-पिता या अभिभावकों दी जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य 02 वर्ष की आयु तक की बालिकाओं का सम्पूर्ण



टीकाकरण कराना, लिंग अनुपात में वृद्धि करना व बालिका शिशु मृत्यु दर कम करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा माता-पिता या अभिभावक इस योजना का लाभ उठा सकें। राज्य सरकार यह राशि बेटियों के माता पिता को प्रोत्साहन के रूप में देती है।

**बेटी के जन्म से दो साल तक की उम्र तक सरकार देती है 5400 रुपए :** सदर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि बेटियों के उत्थान के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माता पिता को प्रोत्साहित करती है। जिसमें सबसे पहले बेटी के जन्म के समय कन्या उत्थान योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं 1400 रु. व शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1000 रु. तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत 2000 रु. की राशि खाते में भेजी जाती है। इस योजना का लाभ माता पिता सिर्फ दो बच्चियोंके पैदा होने पर ही उठा सकते हैं। जिसके बाद बच्चियों के दो साल तक उम्र तक संपूर्ण टीका करने पर संपूर्ण टीकाकरण योजना के तहत 2000 रु. और दिए जाते हैं। जो गरीब माता पिता को अपनी बेटियों के लालन पालन में संबल प्रदान करता है। योजना के लिए आवेदन एएनएम के माध्यम से भराया जाता है। आवेदन भरने के बाद एमओआईसी इसपर हस्ताक्षर करेंगे। इसके बाद एक प्राप्ति रसीद आवेदक को और दूसरा एएनएम को मिलेगा।

### आवेदन भरने के लिए ये सभी जरूरी

बीएचएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि अभिभावक आवेदन प्रपत्र को भरकर अपने नजदीकी अस्पताल की एएनएम के पास इसे जमा करें जहां से उन्हें प्राप्ति रसीद मिलेगी। आवेदन के साथ जन्म प्रमाणपत्र टीकाकरण कार्ड, बच्ची का आधार कार्ड, माता-पिता अथवा अभिभावक का बैंक खाता की फोटो कॉपी अनिवार्य है। एक सप्ताह के अंदर एएनएम उसका निष्पादन कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को देकर अपने लिए प्राप्ति रसीद लेंगी। शहरी क्षेत्र में रहने वाले अपना आवेदन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दे सकते हैं।






# अपराध पीड़ित महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रहा वन स्टॉप सेंटर

- सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को मिलती है पुलिस सहायता
- अब तक 295 को उपलब्ध कराई गयी सहायता




**केटी न्यूज/ झांसी**

योगी सरकार में अपराध पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए झांसी में संचालित वन स्टॉप सेंटर काफी मददगार साबित हो रहा है।

घरेलू हिंसा, यौन हिंसा सहित अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को अल्प समय के लिए अस्थायी रूपे से आवास की सुविधा के साथ पुलिस सहायता, परामर्श और विधिक सहायता उपलब्ध कराकर उनकी मदद की जाती है।

झांसी के मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित हो रहे वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से इस वर्ष अब तक 295 महिलाओं को मदद प्रदान की गयी है।

**अल्प समय के लिए मिलती है आवास की सुविधा :** योगी सरकार आने के बाद झांसी में वर्ष 2017 में वन स्टॉप सेंटर की शुरूआत की गयी। वर्ष 2017 में 75, वर्ष 2018 में 245, वर्ष 2019 में 240, वर्ष 2020 में 54, वर्ष 2021 में 75, वर्ष 2022 में 269 महिलाओं की वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से मदद की गयी। इस वर्ष जनवरी से अब तक 295 महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर से मदद उपलब्ध कराई जा चुकी है। वन स्टॉप सेंटर में मानसिक परामर्श, पुलिस की सहायता, विधिक सहायता, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

घरेलू हिंसा, मानसिक विक्षिप्त, बाले विवाह, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न सहित अन्य अपराधों से पीड़िता महिलाओं, बालिकाओं और किशोरियों को इस वन स्टॉप सेंटर में अल्प समय के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### पीड़ित महिलाओं को मिलती है सहायता

झांसी के जिला प्रोबेशन अधिकारी सुरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि जनपद में हिंसा और विभिन्न प्रकार की अपराध पीड़ित महिलाओं को अस्थायी आश्रय प्रदान करने के मकसद से वन स्टॉप सेंटर संचालित हो रहा है और पीड़िताओं को विधिक व मानसिक परामर्श के साथ ही समस्या के समाधान के लिए विभिन्न विभागों का सहारा लिया जाता है। इस वर्ष अभी तक 295 महिलाओं और पीड़िताओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई गयी है।

## एक नजर

### पीकेएस पब्लिक स्कूल के 17वें स्थापना दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

मऊ । चिरैयाकोट नगर के पीकेएस पब्लिक स्कूल में स्कूल के 17 वें स्थापना दिवस के मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए प्रोत्साहित करना और खेलकूद के माध्यम से बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह 'रिशु 'एमएलसी ने किया। विशिष्ट अतिथि भगवती प्रसाद सक्सेना चेयरमैन उपभोक्ता फोरम मऊ व सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के पुत्र जैनुल हसन ने मेडल देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य और गाने की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। वहीं अतिथियों व स्कूल के चेयरमैन यूनुस खान संस्थापक /प्रबन्धक परवेज अहमद खान, सचिव मोहम्मद सैफ खान, प्रधानाचार्या सपना सिंह व्यवस्थापक दानिश अहमद खान व वाइस प्रिंसिपल सागर सारस्वत व विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर केक काटा व विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना किया।



### चांदनाला पुल के पास खाई में मिला इंटर कॉलेज के अध्यापक का शव, सनसनी

**चितबड़ागांव।** थाना क्षेत्र के चांदनाला पुल के पास खाई में अध्यापक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। मृतक रामबदन सिंह पिपराकला गांव के निवासी थे तथा गाजीपुर जिले के एक इंटरमीडिएट कॉलेज में अध्यापक थे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रामबदन सिंह अपने खेतों की सिंचाई हेतु छोटा इंजन लेने के लिए बलिया गए हुए थे, वहां से इंजन खरीद कर एक गाड़ी रिजर्व करके अपने गांव के लिए बलिया से चले थे। चितबड़ागांव चौराहे पर किसी काम को लेकर वे वहीं उतर गए और गाड़ी वाले से अपने घर का पता बता कर कहीं चले गए। घर वाले बहुत देरतक उनका शाम को इंतजार किये। रात के करीब आठ बजे तक जब वे अपने घर नहीं आए तो घर वाले उनको ढूंढने के लिए निकले।

### नए नगर मजिस्ट्रेट ने किया कार्यभार ग्रहण

**मऊ।** जनपद के नए नगर मजिस्ट्रेट ने कल कार्यभार ग्रहण किया। नगर मजिस्ट्रेट राजेश सिंह 2016 से पीसीएस रैंक के अधिकारी हैं। राजेश सिंह कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं इटावा में नायब तहसीलदार, बांदा, अंबेडकर नगर, बलरामपुर में तहसीलदार तथा सिद्धार्थ नगर, बस्ती, जालौन एवं बलिया में उप जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं। बलिया से जनपद मऊ में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। ज्ञातव है कि पूर्व में तैनात नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह का स्थानांतरण जनपद सीतापुर में एडीएम के पद पर हो जाने के कारण पद खाली था। उन्होंने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार कानून व्यवस्था सहित अन्य मामलों का निस्तारण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।



## खबरें फटाफट

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**बलिया।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप पाक्सो एक्ट से संबंधित मामले में नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के साथ ही दो लाख रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। मामला दोकटी थाना क्षेत्र का है। सम्बन्धित प्रकरण की सुनवाई गुरुवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या आठ बलिया में हुई। मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी के बीच कोर्ट द्वारा आरोपी सुरेन्द्र गौड़ पुत्र लल्लन गौड़ को पाक्सो एक्ट की धारा 6 में दोषसिद्ध पाते आजीवन कारावास व दो लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### दो बदमाशों पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**बलिया।** गिरोहबंद अपराध करने वाले दो बदमाशों पर पुलिस के रिपोर्ट पर डीएम ने गैंगेस्टर की कार्यवाही की है। पुलिस द्वारा किए गए कार्यवाही से क्षेत्र के अपराधियो में दहशत व्याप्त है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के पड़री गांव निवासी पप्पु अहमद उर्फ परवेज तथा उसका सहयोगी पकड़ी थाना क्षेत्र के कोल्हुआ, सिधरही निवासी प्रमोद यादव आपस मे मिलकर जनपद स्तर पर चोरी आदि की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके विरूद्ध कई मुकदमें दर्ज है।

### आप नेता पर हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

**बलिया।** आम आदमी पार्टी के नेता राजकुमार जायसवाल को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने गुरुवार की शाम एक अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भिकपुरा निवासी आम आदमी पार्टी के नेता राजकुमार जायसवाल बीते बुधवार को किसी व्यक्ति के यहां शोक संवेदना व्यक्त करके अपने घर वापस जा रहे थे। वह जैसे ही सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के घूरी बाबा के टोला के समीप पहुंचे कि अचानक कुछ युवकों ने रास्ता घेर कर उनपर जानलेवा हमला किया।

**मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर विकास कार्यों की हुई समीक्षा**

# जनपद की रैंकिंग खराब करने वाले की तय की जाएगी जवाबदेही: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**




जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल से प्राप्त विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग के अनुसार बिंदुवार समीक्षा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड सरकार द्वारा जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें संबंधित विभागों के रैंकिंग और ग्रेडिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें लॉ एंड ऑर्डर और राजस्व विभाग से संबंधित मामलों को भी शामिल किया गया है।

कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को विभिन्न मानकों पर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जीएसटी संग्रह, एंटी भू माफिया पोर्टल, धारा-34 और धारा -24, भूमि आवंटित पट्टे, माइनिंग, नगर विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), संपत्ति नामांतरण जैसे अन्य मामलों में प्रगति लाने के लिए एडीएम और सीआर?ओ को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। खनन क्षेत्र में कम वसूली होने व

**♦ खनन अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी**

अवैध गाड़ियों को सीज करने में कम प्रगति होने के कारण खनन अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी को पीडीएस में और विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक विद्युत आपूर्ति के घंटे में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवश्यक दवा सूची में दवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता को बढ़ाने के निर्देश दिए। इसमें एंबुलेंस 108, मोबाइल मेडिकल यूनिट और 102 की स्थिति बेहतर पाई गई। बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव, सीटी स्कैन एवं टेली मेडिसिन सेवाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। पंचायती राज विभाग के अंदर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय की निर्माण की जिओ टैगिंग कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पंचायती राज अधिकारी को दिया गया।

सूचना लघु एवं मध्यम विभाग की समीक्षा के दौरान ओडीओपी टूल किट योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में संबंधित विभाग के अधिकारी को और समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भी प्रगति लाने के लिए जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम में विकास विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अधूरे आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करा कर उसका डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

### रैंकिंग खराब होने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी

**बलिया।** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिस विभाग के अधिकारी की वजह से जनपद के रैंकिंग खराब होगी, उसकी जवाबदेही तय की जाएगी। जिन विभागों की प्रगति पिछले माह के सापेक्ष इस माह में कम है, उन अधिकारियों को लिखत पढत में पत्र जारी किया जाएगा। किसी भी स्थिति में जनपद का नाम खराब जनपद में नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपदों से संपर्क स्थापित कर कराए गए कार्यों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करवाकर अपने जनपद की रैंकिंग और ग्रेडिंग सही करें। आईजीआरएस के मामले में भी कोई अधिकारी डिफाल्टर ना होने पाए,इसका ध्यान रखा जाए।

### जनपद में पारंपरिक तरीके से आयोजित होगा ददरी मेला

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में ददरी मेला वर्ष 2023 की तैयारियों के प्रबंधन एवं व्यवस्था और मेला क्षेत्र व स्नान घाट के संबंध में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ने ददरी मेले के इतिहास के बारे में सभा में शामिल अधिकारियों और आयोजकों को जानकारी दी। नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल ने बताया कि 27 नवंबर से स्नान शुरू हो जाएगा। दंगल का कार्यक्रम 30 नवंबर को, खेलकूद 01 से 3 दिसंबर तक और समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन 01 से 17 दिसंबर तक होगा। 18 दिसंबर को मेला समाप्त होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि ददरी मेला आयोजन करने के संबंध में यह पहली बैठक है।हम इस मेले को शांति, सुरक्षा और सफाई की समुचित व्यवस्था के साथ ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका मेला संबंधी अधिकतम कार्य सम्पन्न करती है।लेकिन प्रशासन और पुलिस सहित अन्य विभागों की सहभागिता से इसे सकुशल संपन्न कराया जाता है। पालिका अध्यक्ष को मेला क्षेत्र में अधिग्रहित पूरी भूमि क्षेत्र के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। सभी कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग कमेटी गठित करने का निर्देश दिया।

### विशेष अभियान के तहत खाध्य पदार्थो के लिये नमुने

**मऊ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी मऊ अरुण कुमार के आदेश तथा उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना हेमन्त चौधरी व सुरेश मिश्र, सहायक आयुक्त खाद्य( दो )के नेतृत्व में नवरात्र /दशहरा त्योहार पर आम जनमानस को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ,फलाहार उपलब्ध कराने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत गुरुवार को खाद्य पदार्थों के कुल नौ नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु लखनऊ की प्रयोगशाला को भेज दिए गए। टीम सर्व प्रथम स्टेशन रोड स्थित-खान इंटरप्राइजेज के गोदाम पर पहुंची,जहा से रिफाइन्ड सोयाबीन तेल, भुना चना व खाद्य वनस्पति तेल (15 गत्ते कुल 180 लीटर मूल्य रू0 36,000 सीज करते हुए इसका सैंपल लिया गया।तत्पश्चात जी के ट्रेडर्स ,स्टेशन रोड से चना दाल व नमकीन का नमूना संकलित किया गया। शहीद चौक के पास स्थित दीपक स्वीट्स के दुकान से बर्फी का नमूना,जीवन मौर्या की दुकान से सोन पापड़ी,जान्हवी स्वीट्स से बूंदी का लड्डू, शकुंतला देवी की दुकान से रिफाइन्ड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मऊ सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात मिलावट सिद्ध पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा के शासन काल में कानून का राज खत्म हो गया : शिवपाल

**केटी न्यूज/बलिया**



समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी आगाज कर दिया हैं। गुरूवार की दोपहर दिन में 12 बजे से क्षेत्र के कोटवा नारायणपुर, नसीरपुरमठ, उजियार, भरौली, गोविन्दपुर, सुरही, लक्ष्मणपुर चौराहे आदि स्थानों का भ्रमण किया। जहां समर्थकों ने उनका गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा सरकार में क्या देश क्या प्रदेश कानून का राज खत्म हो गया है। भ्रष्टाचार चरम पर है, बेरोजगारी के मारे युवा आत्महत्या करने को मजबूर है। ऐसे में आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा।

आपको बताते चले कि 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी एक्टिव मोड पर आ गई है। इसी क्रम में बलिया पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने पार्टी के सभी कार्यकताओं से आगामी चुनाव को लेकर तैयारी शुरू करने की अपील किया। कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को मजबूत करने में जुट जायें। बलिया आगमन पर शिवपाल सिंह यादव ने क्षेत्र के कोटवा नारायणपुर, नसीरपुरमठ, उजियार, भरौली, गोविन्दपुर, सुरही, लक्ष्मणपुर चौराहे आदि स्थानों का भ्रमण किया। जहां सपाइयों ने उन्हें फूलों की माला पहनाई। साथ ही कार्यकताओं ने जिंदाबाद के नारे भी लगाये। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकताओं से अपील कि है कि 2024 की तैयारी अभी से शुरू कर दे। कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को मजबूत करने में जुट जायें। सपा कार्यकताओं ने शिवपाल सिंह यादव का जोरदार स्वागत किया।




**रावण अत्याचार, दशरथ दरबार आदि का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया**

# राम जन्म का दृश्य आते ही गूंजा श्रीराम चंद्र का जयकारा

**केटी न्यूज/मऊ**



मोहम्मदाबाद गोहना राजगद्दी के मैदान में स्थित श्री कृष्णा रामलीला समिति के तत्वाधान में बुधवार रात्रि रावण अत्याचार, दशरथ दरबार आदि का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पूर्व माता दुर्गा की आरती दशहरा रामलीला समिति के संरक्षक त्रिभुवन नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार अग्रवाल द्वारा आरती की गयी। इसके पश्चात रामलीला का मंचन प्रारंभ किया गया।

इस मौके पर संरक्षक तथा कोषाध्यक्ष ने माता दुर्गा का माल्यार्पण कर नमन करते हुए भगवान श्री राम की जय जयकार किया। हो रहे इस रामलीला के मंचन में सभी देवता घोर तपस्या करते हुए भगवान विष्णु को प्रसन्न करते हैं और उनसे रावण की अत्याचार से मुक्ति पाने हेतु निवेदन करते हैं, कहते हैं कि आप इस धरती पर जन्म ले जिससे इस रावण का साधु संतों के साथ जोअत्याचार हो रहा है उसे समाप्त किया जा सके।

जिसको लेकर भगवान विष्णु अवतरित होते हुए कहते हैं कि रावण का अत्याचार हमारे द्वारा ही समाप्त होगा और देवताओं को वरदान देते हैं। चल रही इस रामलीला कथा को देखकर भक्तगण भगवान श्री राम की जय जयकार करने लगे। इस मौके पर रामलीला समिति के पदाधिकारी संजीव उपाध्याय लाल जी वर्मा दिलीप कश्यप जितेंद्र मेहरोत्रा श्याम जी जायसवाल लीलू प्रधान एवं रामलीला समिति के समस्त पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन 21 अक्टूबर को

जिला सेवायोजन अधिकारी एमआर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राऔप्र संस्थान, एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई सहादतपुरा मऊ में किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की महामाया विकास गार्मेन्टस, गोल्डमाइन्स इण्डिया प्रालि, ब्राइट फ्यूचर एण्ड हर्बल्स प्रालि तथा विदेश में हेल्पर, क्लिनर, सिक्योरिटी गार्ड, ए०सी० टेक्निशियन इलेक्ट्रीशियन, आटोमोटीव आदि पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से 30 दिन की नि:शुल्क प्रशिक्षण वाराणसी में दिया जायेगा।

# सीता स्वयंवर में लखपतिया व करोड़पतिया की जुगलबंदी ने लोगों को खूब हंसाया

❒ आदर्श रामलीला समिति सतरामगंज की रामलीला में उमड़े दर्शक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





आदर्श रामलीला समिति सतरामगंज सेवराई द्वारा सीता स्वयंवर एवं धनुष यज्ञ नामक लीला का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। सिता स्वयंवर देखने के लिए जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने भी की शिरकत। लखपतिया और करोड़पतिया की जुगलबंदी ने लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया। लीला की शुरूआत भगवान श्रीराम की आरती से की गई। लीला मंचन के दौरान दिखाया गया कि राजा जनक अपनी प्रतिज्ञा के कारण अपनी पुत्री के विवाह के लिए स्वयंवर आयोजित किए थे, जहां राम ने गुरु की आज्ञा से शिव के धनुष को तोड़कर सीता से विवाह किया। उधर स्वयंवर के दौरान लखपतिया और करोड़पतिया की जुगलबंदी ने अपने कलाकारी से लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया। राम की भूमिका अभिषेक सिंह, लक्ष्मण प्रियांशु पांडेय, विश्वामित्र अखिलेश सिंह, सीता विशाल गुप्ता, रावण मनीष पांडेय, बाणासुर प्रदीप रहे। मंच संचालक अनिल पांडेय ने किया। इस दौरान जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने कहाकि रामलीला भगवान राम की लीलाओं को लोगों तक पहुंचाने का एक जरिया है। लोगो की आस्था जुड़ी हुई है। इसके साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों की हुनर इससे निखरती है और वह अपने हुनर के बदौलत एक मुकाम को पाते हैं। यह सौभाग्य है कि राम और अन्य भगवान और ऋषियों के रूप में आप लोगों को अभिनव करने का मौका मिला। लोगों के द्वारा उनके रूप में आपकी पूजा की जाती है।

## एक नजर

### संदिग्थ परिस्थितियों में छत की कुंडी से लटका मिला विवाहिता का शव , जांच में जुटी पुलिस



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 24 वर्षीय विवाहिता रुचि देवी का शव घर के गलियारा में छत की कुंडी से गमछे के सहारे लटकता मिला। आज सुबह जब दरवाजा अंदर से नहीं खुला, तो बाहर सो रहे पति अंजय गोड ने बरजा से झांका तो देखा कि शव फंदे से लटक रहा है और दो वर्षीय मासूम गौरी मोबाइल चला रही थी। तत्काल शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मकान की खिड़की तोड़कर अंदर का दरवाजा खोला गया। मौके पर नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य, पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर, थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर विधिवत घटना स्थल का परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मालूम हो की मृतका रुचि देवी का मायका के तेजपूरा गांव थाना मरदह में थी। जिसकी शादी 2019 में हुई थी। मृतका रुचि देवी का सबसे बड़ा पुत्र गोपाल तीन वर्ष जो अपने पिता के साथ बाहर सो रहा था। जबकि दो वर्षीय मासूम गौरी अपने मां के साथ घर में सोई थी।

### विद्यालयों को वितरित किया गया टैबलेट, 12 महत्वपूर्ण अभिलेख होंगे ऑनलाइन



**गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक संसाधन केंद्र के सभागार में गुरुवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने 140 विद्यालयों को 276 टैबलेट वितरित किए। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि जब से प्रदेश और देश में डबल इंजन की सरकार बनी है। शिक्षा को मजबूत कड़ी से जोड़ा गया है। आधुनिक शिक्षा दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की पर है, जो विद्यालय तकनीकी सुविधाओं से वंचित रहे हैं, वहां भी टैबलेट से हाजिरी तथा बच्चों की पढ़ाई भी कराई जाएगी। जिससे बच्चों को एक से बढ़कर एक कंटेंट टैबलेट के माध्यम से मिलेंगे। सीएम योगी लगातार प्रदेश में शिक्षा को उज्जवल बनाने के लिए तत्पर हैं। खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने कहा कि यह टैबलेट पारषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने बताया कि छात्र संख्या के अनुपात के हिसाब से टैबलेट का वितरण किया गया है। काफी दिनों से शिक्षकों की मांग थी की टैबलेट होता तो बच्चों को अच्छे कंटेंट पढ़ाए जाते। इस मौके पर अखिलानंद सिंह, मनोज सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरेंद्र यादव, परमानंद चौहान, रामजन्म यादव ,अखिलेश तिवारी, राधेश्याम यादव, कैलाश यादव, संजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मजदूर की सोते वक्त पत्थर से कूचकर हत्या, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात



**गाजीपुर।** जनपद के सकलेनाबाद नई बस्ती निवासी संजय राजभर (45) मजदूरी करता था। परिवार के लोगों के मुताबिक वह रोज की तरह खाना-पीना खाकर छत पर सोने चला गया। देर रात घर के मुख्य दरवाजे से घुसे एक शख्स ने सिलबट्टे से उसके सिर पर वार करना शुरू कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। फुटेज में शख्स 11 बार सिलबट्टे से सिर पर वार करते हुए नजर आ रहा है। साथ ही घर से बाहर आने और बाइक से जाते हुए भी नजर आ रहा है। फुटेज के आधार पर संबंधित आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। वहीं परिवार के लोग घटना स्थल पर चीख-पुकार सुनकर दौड़े और आनन-फानन में रात में ही जिला अस्पताल लेकर गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह शव लेकर परिवार के लोग घर पहुंचे। सूचना मिलते ही सीओ गौरव कुमार गांव पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा है मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### मिशन शक्ति के लिए चलाया जागरुकता अभियान



**पीडीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में मिशन शक्ति के चतुर्थ फेज के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रो. उदयन ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकार महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में पंचायत सचिव, महिला बीट अधिकारी, राजस्व अधिकारी व ए एन एम के माध्यम से महिलाओं की समस्या व योजनाओं की जागरूकता व जानकारी दिलवा रही है। मिशन शक्ति के अंतर्गत निम्नलिखित बातें सम्मिलित हैं। तात्कालिक सुरक्षा व रख रखाव के प्रति महिलाओं को सचेष्ट करना, महिलाओं को सरकारी योजनाओं से होने वाले लाभ की जानकारी देना, जागरूकता अभियान के माध्यम से घरेलू हिंसा व दहेज प्रथा को रोकना, महिलाओं को लैंगिक समानता हेतु तत्पर कराना।

### पूर्व मंत्री शिवपाल से मिले जिला पंचायत सदस्य, जनपद की समस्याओं से कराया अवगत

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव से बृहस्पतिवार को वाराणसी पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ने राष्ट्रीय महासचिव के समक्ष जनपद की समस्याओं को रखा और विकास कार्यों पर चर्चा की। वही शिवपाल सिंह यादव ने आस्वस्थ किया कि जन समस्याओं को लेकर संघर्ष करने के लिए तैयार रहें, पार्टी हर संभव आपकी मदद करेंगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आगमन के दौरान बृहस्पतिवार को सदर विकासखंड के सेक्टर नंबर 4 से जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने मुलाकात की। जहां पर जनपद की समस्याओं और प्रमुख मुद्दों से अवगत कराया और मांग किया कि समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि जनहित में पार्टी मजबूत हो सके।

## खबरें फटाफट

### सोशल मीडिया टीम ने 18 दिन बाद बच्चों को मां-बाप से मिलाया

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस की सोशल मीडिया ने 18 दिन बाद एक बच्चे को अपने माँ बाप से मिला दिया। इससे बच्चे के परिजनों में खुसी की लहर दौड़ गयी। परिजनों में चंदौली पुलिस का आभार व्यक्त किया। बताते हैं कि सदर कोतवाली क्षेत्र के बिसौरी गांव निवासी मनोज कुमार का पुत्र साईराम उर्फ कल्लूराम 18 दिन से गायब था। जिसकी सूचना परिजनों में सदर कोतवाली में दिया था। पुलिस ने अपने ट्विटर एकाउन्ट की मदद से संचालित गुमशुदा बच्चे की तलाश के लिए फोटों व पम्पलेट के माध्यम से खोजने का प्रयास किया था। तभी 18 दिन बाद पश्चिम बंगाल के थाना झारग्राम पुलिस ने बच्चे का पहचान किया। उक्त गुमशुदा बच्चे के संबंध में थाना चन्दौली को सूचित किया। चंदौली पुलिस टीम मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहत गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया। 18 दिन बाद बच्चे को अपने आखों के सामने देखकर परिजनों की आँखे छलक आई।परिजनों ने चंदौली पुलिस के कार्य को सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### रेल संपति की चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर।** डीडीयू रेल मंडल के रेलवे सुरक्षा बल थाना डेहरी ऑन सोन ने गुरुवार को रेलवे संपत्ति की चोरी में संलिप्त 03 अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।जिनके खिलाफ आरपीएफ थाना डेहरी ऑन सोन में संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर को विधिक कार्यवाही के साथ न्यायालय रेलवे गया को अग्रसारित किया गया। आरपीएफ थाना डेहरी ऑन सोन के प्रभारी निरीक्षक रामविलास राम ने बताया कि रेलवे संपत्ति की चोरी करने वाले अपराधियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा समय समय पर कार्यवाही की जाती रही है और भविष्य में भी सख्ती से कार्यवाही की जाती रहेगी।

### बर्तन साफ करने के बहाने एक लाख के गहने उड़ाए

**अलीनगर(चंदौली)।** थाना क्षेत्र के कोरी गांव में जेवर साफ करने के बहाने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने लगभग एक लाख रुपए के जेवर लेकर आसानी से फरार हो गए। मुक्तभोगी की सूचना पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। अलीनगर थाना क्षेत्र के कोरी गांव के प्रधान उमाशंकर यादव की बहन कुसुम व भतीजी कुमारी रिंकी दरवाजे पर बैठी थी। इस दौरान घर का कोई अन्य सदस्य नहीं था। इसका फायदा उठाते हुए एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पहुंचे और पीतल के बर्तन साफ करने के नाम पर एक लोटिया साफ कर सैंपल दिखाया। इस दौरान रिंकी के पैर का एक पायल भी साफ कर दे दिया। यह देख कुसुम भी अपने गले में पहनी सोने की चैन, एक जोड़ी कनफूल व अंगूठी दे दी। युवकों ने एक पाउडर दिया। बताया कि थोड़ी देर बाद इसको खोलने पर जेवर साफ मिलेगा। मोटरसाइकिल से निकल लिए। थोड़ी देर बाद पाउडर खोलने पर कोई जेवर नहीं होने पर हो हल्ला शुरू हो गया। इस संबंध में पूछे जाने पर ताराजीवनपुर चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने अनभिज्ञता जाहिर की है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी बाजरा, ज्वार व धान खरीद के लिए कार्यशाला आयोजित

# धान की खरीद अवधि में मोबाइल बंद मिला तो कार्रवाई तयः डीएम

■ हेनवा गांव के तालाब व कठार में जैविक खेती को देखेंगे मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में बाजरा, ज्वार एवं आगामी धान खरीद के संबंध में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गाजीपुर, मण्डी सचिव गाजीपुर, वरिष्ठ निरीक्षक बाट-माप, समस्त धान क्रय एजेन्सियों के जिला प्रबंधक, केन्द्र प्रभारी व जनपद के राइस मिलर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा धान खरीद के संबंध में निम्नवत निर्देश दिए गए। जिसमें सभी केन्द्र प्रभारी बैनर में अंकित अपना मो0 नम्बर खरीद अवधि में ऑन रखेंगे। जनपद मुख्यालय/तहसील मुख्यालय से रैण्डम आधार पर इसका सत्यापन कराया जाएगा। यदि मो०नम्बर बंद पाया गया, तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह नौ बजे से 11 बजे के मध्य अपनी लाइव लोकेशन संबंधित क्रय एजेंसी के जिला स्तरीय अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। किसी भी केन्द्र से किसानों को अनावश्यक वापस नहीं किया जाएगा। सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार किया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा धान खरीद होगी

ई-पॉप मशीन के माध्यम से वायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा धान खरीद होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में क्रय केन्द्रों पर किसानों से धान की खरीद कम्प्यूटराईज्ड सत्यापित खतौनी, आधार कार्ड के आधार पर की जाएगी। प्रत्येक किसान का खरीद के दौरान ई-पॉप मशीन के माध्यम से रियल टाइम फोटो लिया जाएगा। केन्द्र प्रभारी द्वारा इलेक्ट्रानिक प्वाइंट ऑफ परचेज मशीन द्वारा निर्गत खरीद की पठनीय प्रिंटेड पावती, संबंधित किसान को अनिवार्य रूप से उपलब्धन कराई जाएगी। धान के उतराई, सफाई के मद में किसान द्वारा श्रमिकों को 20 रू0 अधिकतम दिया जाएगा।

### डीएम ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा

**गाजीपुर।** कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, मोटर देय, के संबंध में विस्तार पूर्वक समीक्षा की। बैठक में समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प निबन्ध में कासिमाबाद, परिवहन विद्युत देय, बाट-माप एवं नगर पंचायत सादाता में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली में प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए। ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कम राजस्व वसूली वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाए।

### उर्वरकों में किसी प्रकार के मिलावट बर्दाश्त नहीं: स्नेहा

**चंदौली।** जिला कृषि अधिकारी स्नेहा प्रभा ने बृहस्पतिवार को जनपद के उर्वरक के विभिन्न दुकानों पर छापेमारी किया इसमें कुल 25 दुकानों पर उपलब्धता के साथ-साथ उर्वरक की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही जिला कृषि अधिकारी ने चेतावनी दिया कि उर्वरक में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई तो उक्त दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई होगी। उर्वरक की गुणवत्ता मे लापरवाही की सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।

जिला कृषि अधिकारी स्नेहा प्रभा के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थापित उर्वरक के दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर जांच किया गया। इस जांच के अभियान में 25 दुकानदारों क्या पहुंच कर टीम ने उर्वरक की गुणवत्ता की जांच की गई। जिसमें नौ दुकानदारों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया और वही 10 दुकानों से सैंपलिंग की गई। साथ ही को चेतावनी दिया कि उर्वरक की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए किसानों को उर्वरक उपलब्ध कारण इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीन से संचालित

♦लगातार हो रही है मरीजों का चिन्हांकन एवं अभियान की समीक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

संचारी व मच्छर जनित रोगों की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीन अक्टूबर से संचालित किया गया है। इसके साथ ही 16 अक्टूबर से घर-घर दस्तक अभियान के तहत स्रोत विनष्टीकरण, बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेसलक्षण सहित टीबी, कुष्ठ आदि संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। अभियान की लगातार मॉनिटरिंग व समीक्षा की जा रही है।

बुधवार को वाराणसी मण्डल की अपर निदेशक डॉ मंजुला सिंह ने चारों जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी एवं वेक्टर बोर्न डिसीज स्टाफ के साथ वर्चुअल बैठक की। अपर निदेशक ने बताया कि बैठक में मंडल स्तरीय जनपदों की संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अभी तक की गई कार्रवाई, दस्तक अभियान के दौरान की जाने वाली कार्रवाई, तथा वर्तमान में व्याप्त डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण के लिए की जा रही निरोधात्मक गतिविधियों के बारे में गहन समीक्षा की गई। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों, ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की स्थिति, डेंगू आधारित जन जागरूक गतिविधियों, फोगिंग मशीन, एंटी लार्वा पम्प व दवाओं की उपलब्धता, घरेलू ब्रीडिंग चेकर्स तथा नियमित डाटा फीडिंग के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। बैठक में वाराणसी सहित चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर के जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया कि वेक्टर बोर्न डिसीज के समस्त कर्मियों एवं आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# बुलंदशहर के लिए धूमधाम से रवाना हुई मौनी बाबा की सद्भावना यात्रा

♦भक्त डीजे की भक्ति धुन पर नाचते गाते नजर आए

**केटी न्यूज/चंदौली**



शिरडी साई बाबा के दूसरे स्वरूप कहे जाने वाले मौनी बाबा सद्भावना यात्रा गुरुवार को कोरड़िया आश्रम होते हुए बुलंदशहर के लिए रवाना हुई। यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्त डीजे की भक्ति धुन पर नाचते गाते नजर आए और जिस तरह से बाबा का डोला निकला उस तरफ पूरा नगर ही भक्तिमय हो गया। डोला को कंधा देने के लिए भक्त उतावले दिखाई दिए। यही नहीं अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने मौनी बाबा के जमकर नारे लगाए।जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

बताते हैं कि मौनी बाबा जिले के कोरड़िया गांव के निवासी थी। बालपन में ही उन्होंने घर छोड़ दिया और प्रभु भक्ति में लीन हो गए। एक बार वे चंदौली आए और उन्होंने कोरड़िया गांव पूछा तो लोगों को जानकारी हुई कि यहीं के हैं। उनके जाने के बाद यहां उनके नाम का आश्रम बनवाया गया। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को मौनी बाबा का डोला बुलंदशहर के लिए रवाना हुआ। कोरड़िया स्थित आश्रम से भारी संख्या और जुलूस के साथ यात्री आगे के लिए बढ़ा। यात्रा में पालकी को उनके पुरुष और महिला भक्त कंधा देकर चल रहे थे जबकि रथ को पुरुष वर्ग खींच रहा था। सकलडीहा रोड होते हुए यात्रा वाराणसी की और चली गई। बाबा के अनन्य भक्त ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सत्गुरु मौनी के सुल्तानपुर खेड़ा आश्रम में सात दिन बाद पहुंचेगी। 24 घटे में 95 किमी की यात्रा की जा रही है। कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति बाबा का डोला गांव से निकलता है और बुलंदशहर जाता है जहां भव्य पूजन अर्चन किया जाता है रास्ते में लोग डोला को लेकर आगे बढ़ते चलते रहते हैं।

## दशहरा पर्व के अवसर पर अभियान चलाकर कुल सात नमूना संग्रहित किए गए

# दुकानों में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) आरसी पांडेय के निर्देश पर नवरात्रि व दशहरा पर्व के अवसर पर अभियान चलाकर कुल सात नमूना संग्रहित किए गए। मुहम्मदाबाद तहसील के पीछे वार्ड मीरन शाह चट्टी स्थित डेयरी से पनीर का एक नमूना एवं दूध का एक नमूना। सब्जी मण्डी मुहम्मदाबाद स्थित लड्डन के प्रतिष्ठान से मखाना का लावा का एक नमूना। सब्जी मण्डी मुहम्मदाबाद स्थित राजेश प्रसाद के प्रतिष्ठान से मखाना का लावा का एक नमूना। खटिया मंडी मुहम्मदाबाद गाजीपुर स्थित सरवर अंसारी के प्रतिष्ठान से मूँगफली के दाने का एक नमूना। कुंडेसर चट्टी स्थित माखन भोग स्वीट्स प्रतिष्ठान से बर्फी का एक नमूना। कुंडेसर मुहम्मदाबाद स्थित अरूण कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से साबूदाना का एक नमूना। संग्रहित नमूने खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, प्रेषित किए जा रहें हैं, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। नमूना संग्रह की कार्रवाई आरपी सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अवधेश कुमार, गुलाब चन्द गुप्त, समला प्रसाद यादव, राजीव कुमार सिंह एवं विरेन्द्र यादव की टीम द्वारा की गई।

### मिलावट को लेकर चला विशेष अभियान

चंदौली। सहायक आयुक्त द्वितीय आरएल यादव के निर्देशन में नवरात्री व दशहरा पर्व के अवसर पर जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसमें बिल्कुल 38 नमूने लिए गए। जिसमें 28 नमूने सही पाए गए और 10 नमूनों को जांच के लिए भेज कर आगे कार्रवाई की जा रही है। जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों ने सकलडीहा से एक किशमिश, एक साबूदाना, एख सेंधा नमक, एक बिस्किट, एक क्रीमरोल का नमूना, इस तरह कुल 10 दुकानों का निरीक्षण करते हुए पांच नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को जाँच हेतु प्रेषित किया गयो जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।साथ ही नवरात्री व दशहरा पर्व के अवसर पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व गतिशील वाहन ने शंकर मोड़ चंदौली स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध 38 खाद्य पदार्थो का मौके पर ही जांच किया गया। जिसमे मिठाई, दूध एवं दुग्ध पदार्थ के 12 नमूने, तेल के तीन नमूने, मसालों के तीन नमूने, अन्य 10 नमूने इस तरह कुल 38 नमूनों की जांच की गई।